अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर स्लोगन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनांक 14-09-2024 को अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के उपलक्ष में राजनीति शास्त्र विभाग के तत्वावधान में स्लोगन लेखन व् पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डा. संजीव कुमार गुप्ता जी के निर्देशन में किया गया I अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकतंत्र को बढ़ावा देने व सभी राष्ट्र सरकारों से मानव अधिकारों को समर्थन व् सम्मान देने का महत्वपूर्ण दिन है I इस अवसर पर आयोजित इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को लोकतान्त्रिक मूल्यों व उनके सिद्धांतों के प्रति जागरूक करना व उनमें राजनीतिक दृष्टिकोण और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा I इस प्रतियोगिता में 36 विद्यार्थियों ने सक्रीय भागीदारी दी I स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निशा भाटी बी.ए.तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान कोमल बी.ए. प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया I पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नैन्सी शर्मा बी.ए. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान भावना बी.ए. द्वितीय वर्ष एवं तृतीय स्थान कविता बी.ए. द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया I

इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डा. शोभना गोयल, विभागाध्यक्षा, वाणिज्य विभाग, डा. पूजा सैनी, विभागाध्यक्षा, संस्कृत विभाग व श्रीमति शैली मालिक, प्रवक्ता अंग्रेजी विभाग नें निभाई I अंत में महाविद्यालय प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में रचनात्मकता बढ़ाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम होते रहने चाहिए I यह कार्यक्रम राजनीति शास्त्र की विभागाध्यक्षा डा. रितु व सहायक प्राध्यापिका श्रीमती पुष्प सौरौत के सहयोग से संपन्न हुआ I